# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 01 फरवरी, 2020

drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/01-02-2020/print

## सोमेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य

## Someshwara Wildlife Sanctuary

सोमेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य (Someshwara Wildlife Sanctuary), कर्नाटक के उडुपी ज़िले में स्थित है, इसका क्षेत्रफल 88.4 वर्ग किलोमीटर है।




- पश्चिमी घाट में स्थित इस अभयारण्य को वर्ष 1974 में वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया था। इस अभयारण्य के दो अलग-अलग भाग हैं और छोटा भाग, मुख्य भाग के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है।
- **कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान** (Kudremukh National Park) इस अभयारण्य के दक्षिण-पूर्व में स्थित है।

## कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान

## (Kudremukh National Park)

- इसे वर्ष 1987 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया, इसका क्षेत्रफल 600 वर्ग किलोमीटर है।
- मोंटेन घास के मैदान और उष्णकटिबंधीय वर्षावनों की प्रचुरता से परिपूर्ण यह राष्ट्रीय उद्यान पश्चिमी घाट के भीतर सबसे बड़ा संरक्षित ब्लॉक है।
- गौरतलब है कि कुद्रेमुख, कर्नाटक के चिक्कमगलुरु में स्थित एक पर्वत श्रृंखला और एक चोटी का नाम है। कुद्रेमुख कर्नाटक में मुल्लायनगिरि (Mullayangiri) और बाबा बुदानगिरि (Baba Budangiri) के बाद तीसरी सबसे ऊँची चोटी है।

## सोमेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य में प्रमुख वनस्पति:

- इस अभयारण्य में ज़्यादातर सदाबहार वन, अर्द्ध सदाबहार और नम पर्णपाती वन पाए जाते हैं।
- इस अभयारण्य में वनस्पतियों की कुछ प्रजातियाँ जैसे- माचिलस माक्रेन्था (Machilus Macrantha), लोफोपेटलुम विघटानियम (Lophopetalum Wightanium) और अर्टोकार्पुस हिर्सुटा (Artocarpus Hirsuta) पाई जाती हैं।

## सोमेश्वरा वन्यजीव अभयारण्य में प्रमुख जीव-जंतु:


इस अभयारण्य के स्तनधारियों में बाघ, तेंदुआ, जंगली सुअर, सांभर, चित्तीदार हिरण, जंगली कुत्ता, सियार, गौर, बार्किंग डियर, लायन टेल्ड मकॅाक, बोनट मकॅाक और लंगूर आदि एवं सरीसृपों में किंग कोबरा, पायथन तथा मॉनिटर छिपकली पाई जाती है।

---

## मिज़री इंडेक्स

## Misery Index

हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था को मिज़री इंडेक्स (Misery Index) के आधार पर मापने की मांग की गई है।




## मुख्य बिंदु:

- मिज़री इंडेक्स को अर्थशास्त्री आर्थर ओकुन (Arthur Okun) द्वारा विकसित किया गया था। यह इंडेक्स 1970 के शुरुआती दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका की आर्थिक स्थिति को मापने के कारण लोकप्रिय हुआ।
    - यह इंडेक्स किसी देश में मुद्रास्फीति और बेरोज़गारी की दर को जोड़कर निकाला जाता है।
    - इस सूचकांक का स्कोर जितना अधिक होगा देश के नागरिकों की स्थिति उतनी ही दयनीय होगी।
- हाल के दिनों में इस सूचकांक में व्यापक रूप से अन्य आर्थिक संकेतकों जैसे बैंक ऋण दरों को शामिल किया गया है।
- पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति को मापने के लिये मिज़री इंडेक्स लोकप्रिय हो रहा है।
- मूल मिज़री इंडेक्स का एक रूप **ब्लूमबर्ग मिज़री इंडेक्स** (Bloomberg Misery Index) है जिसे ऑनलाइन पब्लिकेशन (Online Publication) द्वारा विकसित किया गया है।

---

## वर्चुअल पुलिस स्टेशन

## Virtual Police Station

ओडिशा सरकार ने **वर्चुअल पुलिस स्टेशन** (Virtual Police Station) की शुरुआत की, जहाँ लोग बिना ज़िले के पुलिस स्टेशनों में गए वाहन चोरी से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## मुख्य बिंदु:

- ओडिशा सरकार ने सड़क दुर्घटना मामले के दस्तावेज़ मॉड्यूल और ओडिशा पुलिस की मेडिको लीगल ओपिनियन सिस्टम परियोजनाओं (Medico Legal Opinion System Projects) के साथ वर्चुअल पुलिस स्टेशन की सुविधा शुरू की।
- यह वर्चुअल पुलिस स्टेशन (ई-पुलिस स्टेशन) ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के तहत कार्य करेगा।
- इस पहल से स्थानीय नागरिकों के पुलिस स्टेशन आने-जाने में लगने वाले समय की बचत होगी।
- इस सुविधा से मोटर वाहन चोरी मामलों में बीमा का दावा करने वाले लोगों को लाभ होगा।

---